an>

Title: Regarding construction of 211 kms. long elevated railway route between Kalwa-Airoli in Maharashtra.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे सदन में बड़े ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया। इसका सम्बन्ध देश के ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन महाराष्ट्र के ठाणे से है, जो मेरा संसदीय क्षेत्र है। देश की पहली ट्रेन मुम्बई तथा ठाणे के बीच चली थी।

कल्याण में रहने वाले यात्रियों को नवीं मुम्बई की तरफ जाने के लिए पहले ठाणे आकर वाशी हार्बर रेल लाईन में नवी मुंबई की तरफ जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता है, इसमें उनका समय एवं पैसे दोनों बर्बाद होते हैं। इसके लिए मुंबई रेलवे विकास कारपोरेशन लिमिटेड ने 2 किलोमीटर लम्बाई का नया एलिवेटेड रेल मार्ग बनाने का प्रस्ताव तैयार किया था। उस प्रस्ताव को महाराष्ट्र सरकार ने अपनी मंजूरी भी दे दी है। महाराष्ट्र सरकार इस प्रस्ताव को पूरा करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान एम.एम.आर.डी. के माध्यम से देने वाली है।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री से अनुरोध करता हूं कि कलवा तथा एरौली के बीच 2 किलोमीटर लम्बाई का नया एलिवेटेड रेल मार्ग के लिए जल्दी से जल्दी राशि उपलब्ध करवाने एवं इसकी प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करवाने का आदेश दे।

HON. DEPUTY SPEAKER: Now, I will be calling out certain names of Members whose names could not come in the ballot. I would request them to take only one minute and ask them to say what they want. If they go on making a lengthy speech, I will not allow the portion beyond one minute to go on record. Therefore, please be very brief.

Now, Shri Rajkumar Saini.